# लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश

गौतम नगर, भोपाल–462023
दूरभाषः– 0755–2583650 ईमेल – trg.acrmsa2021@gmail.com

क्रमांक / समग्र / 105 / 2022 / 159 भोपाल, दिनांकः 17/01/2022

प्रति,

1. समस्त संभागीय संयुक्त संचालक
   लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश
2. जिला शिक्षा अधिकारी,
   समस्त जिले, मध्यप्रदेश
3. समस्त प्राचार्य,
   शास. हाई / हायर सेकेण्डरी स्कूल मध्यप्रदेश

**विषयः–सत्र 2021–22 की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की प्री–बोर्ड परीक्षा की समय–सारणी जारी करने विषयक।**
**संदर्भः–म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल का आदेश दिनांक 14.01.2022।**

––00––

शैक्षणिक सत्र 2021–22 की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की प्री–बोर्ड की परीक्षाएं दिनांक 20 जनवरी 2022 से प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित था। शासन के संदर्भित आदेश के अनुक्रम में प्री–बोर्ड परीक्षाएं टेक होम के रूप संचालित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। अतः कक्षा 10वीं एवं 12वीं की प्री–बोर्ड परीक्षाएं 20 जनवरी 2022 से आरंभ होनी है, की समय–सारणी संलग्न है। प्री–बोर्ड परीक्षा संचालन के संबंध में निम्नांकित निर्देशों का पालन करें :–

- विद्यार्थियों को कोविड गाईडलाईन का पालन करते हुए प्रश्न–पत्र एवं उत्तर पुस्तिकाएं प्रश्न–पत्र से कम से कम एक दिवस पूर्व उपलब्ध करावें।
- विद्यार्थियों को बार–बार विद्यालय न बुलाना पड़े इस हेतु एक साथ 2 से 3 प्रश्न–पत्र एक साथ उपलब्ध कराये जा सकते हैं तथा आगामी प्रश्न–पत्र प्राप्ति की दिनांक को पूर्व में उपलब्ध कराए गए प्रश्न–पत्रों की उत्तरपुस्तिकाएं जमा की जाएंगी।
- कक्षा 10वीं के लिए शेष समस्त उत्तरपुस्तिकाएं विद्यार्थियों द्वारा 28 / 01 / 2022 को तथा कक्षा 12वीं के लिए शेष समस्त उत्तरपुस्तिकाएं अनिवार्यतः 01 / 02 / 2022 तक शाला द्वारा निर्धारित तिथि तक शाला में जमां करनी होंगी। समस्त विषय शिक्षकों द्वारा उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर विद्यार्थियों द्वारा की गई गल्तियों में सुधार हेतु 5 फरवरी 2022 तक सूचित करेंगे।
- कक्षावार संकायवार प्रश्न–पत्र एवं उत्तर पुस्तिकाएं प्रदान करने हेतु विद्यार्थियों को अलग–अलग समय पर विद्यालय में बुलाया जावे।
- किसी भी विपरीत परिस्तिथि में विद्यार्थियों के अतिरिक्त उनके पालकों को भी प्रश्न–पत्र एवं उत्तर पुस्तिकाएं प्रदान की जा सकती है।
- छात्रावासी विद्यार्थियों को उनके निवास के निकटस्थ विद्यालय के संस्था प्राचार्य प्रश्न–पत्र एवं उत्तर पुस्तिकाएं उपलब्ध कराएंगे तथा उनके मूल्यांकन उपरांत प्राप्तांक संबंधित संस्था प्राचार्य को प्रेषित करेंगें।
- छात्रावासी विद्यालयों के प्राचार्य वोकेशनल ट्रेड के पेपर संस्था स्तर पर तैयार कर जिले के माध्यम से संबंधित संस्था प्राचार्य को प्रदान करेंगे।
- प्रश्न–पत्र विमर्श पोर्टल पर प्राचार्य लॉगइन में दिनांक 17.01.2022 को अपलोड कर दिए जाएंगे।

कक्षा 9वीं एवं 11वीं के विद्यार्थी शाला बन्द रहने की अवधि में प्रश्न बैंक से प्रश्न अपनी गृहकार्य की कॉपी में हल करके विद्यालय आरंभ होने पर प्रस्तुत करेंगे। यही उनका प्री–एग्जाम माना जावेगा।

**संलग्न :– प्री–बोर्ड परीक्षा 2022 की समय–सारणी।**

(आयुक्त द्वारा अनुमोदित)

(के.के द्विवेदी)
संचालक
लोक शिक्षण, म.प्र

पृ.क्रमांक / समग्र / 105 / 2022 / 160 भोपाल, दिनांकः 17/01/2022

प्रतिलिपिः–

1. विशेष सहायक, माननीय मंत्री जी स्कूल शिक्षा विभाग म.प्र की ओर सादर सूचनार्थ।
2. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल म.प्र. की ओर सूचनार्थ।
3. आयुक्त, जनजाति विकास विभाग म.प्र. की ओर सूचनार्थ।
4. कलेक्टर, समस्त जिले म.प्र. की ओर सूचनार्थ।
5. ए.डी.पी.सी., समस्त जिले, समग्र शिक्षा अभियान म.प्र. की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

संचालक

लोक शिक्षण, म.प्र

# लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश
## प्री–बोर्ड परीक्षा – वर्ष – 2021–2022
## समयः अपरान्ह 12:00 बजे से 03:00 बजे तक

### कक्षा – 10वीं

| क्र. | परीक्षा का दिनांक | परीक्षा का दिन | विषय |
|---|---|---|---|
| 1 | 20.01.2022 | गुरूवार | अंग्रेजी |
| 2 | 21.01.2022 | शुक्रवार | विज्ञान |
| 3 | 22.01.2022 | शनिवार | हिन्दी |
| 4 | 24.01.2022 | सोमवार | गणित |
| 5 | 25.01.2022 | मंगलवार | संस्कृत / उर्दू |
| 6 | 26.01.2022 | बुधवार | सामाजिक विज्ञान |
| 7 | 27.01.2022 | गुरूवार | NSQF VOC. (नेशनल स्किल्स क्वालीफिकेशन फ्रेमवर्क फार वोकेशनल एजुकेशन) 1. IT/ITes 2. Security, 3. Beauty & Wellness, 4. Retail, 5. Electronics & Hardware, 6. Plumber, 7. solanaceous crop cultivator, 8. Apparal made ups and Home Furnishing, 9. Automobile |

(कामना आचार्य)
अपर संचालक
लोक शिक्षण, म.प्र

## लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश
### प्री–बोर्ड परीक्षा – वर्ष – 2021–2022
### समयः अपरान्ह 12:00 बजे से 03:00 बजे तक

**कक्षा– 12वी**

| क्र. | परीक्षा का दिनांक | परीक्षा का दिन | विषय |
|---|---|---|---|
| 1 | 20.01.2022 | गुरूवार | हिन्दी |
| 2 | 21.01.2022 | शुक्रवार | अंग्रेजी |
| 3 | 22.01.2022 | शनिवार | संस्कृत/उर्दू/मराठी |
| 4 | 24.01.2022 | सोमवार | गणित |
| 5 | 25.01.2022 | मंगलवार | राजनीति शास्त्र/एनीमल हसबैण्डरी, मिल्क ट्रेड पॉल्ट्री फार्मिंग एण्ड फिशरीज/विज्ञान के तत्व/भारतीय कला का इतिहास |
| 6 | 26.01.2022 | बुधवार | मनोविज्ञान/कृषि/होम साइंस (कला समूह)/इनवारमेंटल एजुकेशन एण्ड रूरल डेवलपमेंट + इन्टरप्रेन्योरशिप/जीव विज्ञान/अर्थशास्त्र (कला एवं वाणिज्य संकाय)/ड्राइंग एण्ड डिजाइन/भारतीय संगीत |
| 7 | 27.01.2022 | गुरूवार | भौतिक शास्त्र/व्यवसाय अध्ययन/इतिहास/एलीमेन्ट ऑफ साइन्स एण्ड मैथमेटिक्स यूजफुल फॉर एग्रीकल्चर/गृह प्रबन्ध पोषण एवं वस्त्र विज्ञान/ड्राइंग एण्ड पेंटिंग |
| 8 | 28.01.2022 | शुक्रवार | समाज शास्त्र/ इन्फॉरमेटिक्स प्रैक्टिस |
| 9 | 29.01.2022 | शनिवार | रसायन शास्त्र/लेखाशास्त्र (बुक कीपिंग एण्ड एकाउण्टेंसी)/भूगोल/क्रॉप प्रोडक्शन एण्ड हॉर्टीकल्चर/शरीर रचना क्रिया विज्ञान एवं स्वास्थ्य/स्टिल लाइफ एण्ड डिजाइन |
| 10 | 31.01.2022 | सोमवार | बायोटेक्नालॉजी/एन.एस.क्यू.एफ वोकेशनल (नेशनल स्किल्स क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क फॉर वोकेशनल एजुकेशन) – 1. ब्यूटी एण्ड वेलनेस, 2. रिटेल, 3. हेल्थ केयर 4. फिजिकल एज्युकेशन 5. बैंकिग एंड फाईनेस, 6. ट्रेवल एंड टूरिज्म |

(कामना आचार्य)
अपर संचालक
लोक शिक्षण, म.प्र

प्री–बोर्ड परीक्षा वर्ष 2022

राज्य स्तर से उपलब्ध कराये जाने वाले प्रश्न–पत्रों की सूची

**Class 10th**

| स.क्र | विषय |
|---|---|
| 1 | हिन्दी |
| 2 | अंग्रेजी |
| 3 | संस्कृत |
| 4 | गणित |
| 5 | विज्ञान |
| 6 | सा.विज्ञान |
| 7 | उर्दू |

**Class 12th**

| स.क्र | विषय |
|---|---|
| 1 | हिन्दी |
| 2 | अंग्रेजी |
| 3 | संस्कृत |
| 4 | भौतिक शास्त्र |
| 5 | रसायन शास्त्र |
| 6 | जीव विज्ञान |
| 7 | गणित |
| 8 | अर्थ शास्त्र (कला एवं वाणिज्य समूह) |
| 9 | व्यावसायिक अध्ययन |
| 10 | लेखा शास्त्र |
| 11 | आई.पी. |
| 12 | इतिहास |
| 13 | भूगोल |
| 14 | राजनीति विज्ञान |
| 15 | समाज शास्त्र |
| 16 | गृह विज्ञान (एनाटॉमी, फिजियोलॉजी एवं हाईजीन)(कला संकाय) |
| 17 | कृषि (कला संकाय) |
| 18 | शरीर रचना एवं क्रिया विज्ञान |
| 19 | गृह प्रबंध पोषण |
| 20 | विज्ञान के तत्व |
| 21 | कृषि विज्ञान एवं गणित के मुल तत्व |
| 22 | फसल उत्पादन एवं उद्यानिकी |
| 23 | पशुपालन एवं मुर्गी पालन |
| 24 | मनोविज्ञान |
| 25 | उर्दू |

**नोटः–शेष विषय के प्रश्न पत्र संस्था स्तर पर तैयार कर प्री–बोर्ड परीक्षा सम्पन्न करावें।**

(कामना आचार्य)

अपर संचालक

लोक शिक्षण म.प्र.